Pariksha Pe
Charcha 2023

MINISTRY OF EDUCATION
GOVERNMENT OF INDIA
परीक्षा पे चर्चा 2023
मैं उत्सुक हूँ हमारे प्रधानमंत्री
जी की बात सुनने के लिए।
G20
Azadi Ka Amrit Mahotsav

PROJECT
ON
MILLET
mandia

sha Pe
archa 2023

प्रोत्साहन | परीक्षा पे चर्चा में शामिल हुई केवी भिलाई (वीएमवाय) की छात्रा, तैरते हुए मलवे को उठाने में सहायक है परियोजना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भिलाई की रश्मीत के माडल को सराहा

भिलाई। नईदुनिया प्रतिनिधि। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय विद्यालय बीएमवाय भिलाई (चरोदा) की कक्षा दसवीं की छात्रा रश्मीत कौर द्वारा तैयार विज्ञान माडल सिटी ट्रेश स्कीमर को सराहा है। दिल्ली में आयोजित परीक्षा पे चर्चा 2023 के दौरान प्रधानमंत्री ने उक्त माडल को देखा। इस दौरान उन्होंने छात्रा रश्मीत कौर को प्रोत्साहित भी किया।

केंद्रीय विद्यालय बीएमवाय भिलाई (चरोदा) की कक्षा दसवीं की छात्रा रश्मीत कौर ने विज्ञान माडल सिटी ट्रेश स्कीमर का निर्माण किया है। इसका चयन राष्ट्रीय स्तर पर हुआ। सिटी ट्रेशस्कीमर के आविष्कार का उद्देश्य शहरों के जलमार्गों में तैरने वाले ठोस अपशिष्ट पदार्थों को एकत्र कर निस्तारण करने के लिए किया गया है। यह परियोजना विशेष रूप से तैरते हुए मलवे को उठाने के लिए है। रश्मीत के इस माडल का प्रदर्शन परीक्षा पे चर्चा 2023 कार्यक्रम में शुक्रवार को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में किया गया। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रश्मीत के इस माडल को काफी सराहा।

छात्रा रश्मीत कौर। ● नईदुनिया

दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को माडल की जानकारी देती छात्रा रश्मीत कौर।

माडल को पूर्ण करवाने में प्राचार्य स्कूल की प्रिंसिपल प्रभा मिंज, विज्ञान विभाग की शिक्षक सुनीता खिरवत एवं फरहाना खान का विशेष योगदान रहा।

नवीन नगर चरोदा निवासी रश्मीत के पिता गुरुदयाल सिंह की इलेक्ट्रिक पार्ट्स की दुकान है वहीं माता सिमरन कौर गृहणी है। छात्रा की इस उपलब्धि पर स्कूल परिवार एवं उसके स्वजन उत्साहित हैं। सबने छात्रा को प्रोत्साहित किया है।

परीक्षा के डर को उत्साह में बदलने की पहल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में भी किया गया। दुर्ग के जेआरडी स्कूल, अंजोरा हाईस्कूल सहित अन्य स्कूलों में विद्यार्थियों के पीएम का कार्यक्रम प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया। परीक्षा पे चर्चा को लेकर स्कूल के विद्यार्थियों में उत्साह देखने को मिला। विद्यार्थियों के साथ- साथ स्कूल के शिक्षकों ने भी प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को देखा। केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में आयोजित परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, महामंत्री ललित चंद्राकर सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

छात्रा रश्मित का दिल्ली से लौटने पर स्वागत

कार्यालय प्रतिनिधि

भिलाई (अग्रदूत)। केन्द्रीय विद्यालय चरोदा में दसवीं कक्षा की छात्रा रश्मित कौर का दिल्ली से लौटने पर स्वागत किया गया। रश्मित के बनाए प्रोजेक्ट का चयन दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के लिए किया गया था। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने रश्मित से प्रोजेक्ट को लेकर जानकारी लेकर शाबाशी दी। रश्मित रविवार को दिल्ली से चरोदा पहुंची। यहां पर उसका स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा चरोदा मंडल अध्यक्ष दिलीप पटेल, महामंत्री जी रामा रेड्डी, पार्षद चन्द्र प्रकाश पाण्डेय, राम खिलावन वर्मा, सांसद प्रतिनिधि विपिन चन्द्राकर, सुब्रत दासगुप्ता, गौरी शंकर, परमजीत सिंह, प्रसून बेनर्जी, सुशील यादव, बीडी सिंह, वरुण यादव सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

भिलाई-दुर्ग हाइपर कनेक्ट

दिनाँक - 31/01/2023

लौटने पर हुआ स्वागत

पीएम मोदी ने चरोदा की छात्रा रश्मित के प्रोजेक्ट को सराहा

भिलाई @ पत्रिका. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से रेल नगरी चरोदा की स्कूली छात्रा रश्मित कौर रुबरु हुई। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के दौरान दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में रश्मित को प्रधानमंत्री से प्रत्यक्ष मुलाकात का मौका मिला। इस दौरान प्रधानमंत्री ने रश्मित से बात करते हुए हौसला अफजाई की। रविवार को दिल्ली से लौटने पर चरोदा के बस स्टैंड में रश्मित का स्वागत किया गया। इस मौके पर जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे। नई दिल्ली से रविवार को लौटने पर रश्मी कौर का स्वागत करने वालों में भाजपा के मंडल अध्यक्ष दिलीप पटेल, पार्षद चंद्र प्रकाश पाण्डेय, सांसद प्रतिनिधि विपिन चंद्राकर, चरोदा मंडल महामंत्री जी रामा रेड्डी, खिलावन वर्मा, सुब्रत दास गुप्ता, ए. गौरी शंकर, सुशील यादव, परमजीत सिंह, वरुण यादव, बीडी सिंह, प्रसून बनर्जी, पिंकी सिंह, सेमी, छात्रा के पिता गुरदयाल सिंह व माता सिमरन कौर मौजूद थे।